Losses of CIL

3080. SHRI T. VENKATRAM REDDY: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) the accumulated losses of CIL during each of the last three years; and

(b) the efforts made or being made to reduce the losses?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA): (a) The accumulated losses of Coal India Ltd., as at the end of 1991-92, 1992-93 and 1993-94 were as under :—

1991-92	RS. 2353.99 Crores
1992-93	Rs. 209453 Crores
1993-94	Rs. 1767.88 Crores

The data for 1994-95 can be indicated only after finalisation and audit of the accounts.

(b) Following measures are being taken by Coal India Ltd. to reduce the losses:—

(i) Improved manpower planning including redeployment of surplus workers and restricting the intake of new employees against vacancies caused by natural wastage.

(ii) Control on increase in manpower through voluntary retirement scheme.

(iii) Introducing concept of all-men-all jobs.

(iv) Improvement in the availability and utilisation of equipment by providing adequate workshop support etc.

(v) Special emphasis on production from existing underground mines.

(vi) Overall improvement in production and productivity leading to cost reduction.

सिंगरेनी कोयला खान में घाटा

3081. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० द्वारा वित्तीय वर्ष 1994-95 के दौरान लगभग 10 करोड़ रु० का लाभ कमाने की संभावना है ;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि कंपनी अब तक भारी घाटा उठाती रही है ;

(घ) यदि हां, तो कंपनी द्वारा कुल कितना वित्तीय घाटा उठाया गया है ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि मार्च, 1995 के अंत तक कंपनी के अधीन खानों के मुहानों पर भारी मात्रा में कोयले का भंडार पड़ा हुआ था ; यदि हां, तो इस भंडार की कुल कितनी मात्रा थी ; और

(च) वर्ष 1994-95 में बेचे गए कोयले का कुल कितना प्रतिशत कोयला मार्च, 1995 के अंत तक खानों के मुहानों पर पड़ा था ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) से (घ) सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 31-3-1994 की स्थिति के अनुसार उनका आवर्ती घाटा 397 करोड़ रुपये का हुआ था। वर्ष 1994-95 के लिए लाभ/घाटे के संबंध में सूचना इस वर्ष के लिए कंपनी के लेखों का संकलन किए जाने तथा उनकी लेखा-परीक्षा किए जाने के बाद उपलब्ध हो सकेगी ।

(ङ) और (च) दिनांक 31-3-1995 की स्थिति के अनुसार कुल अविक्रेय पिटहैड स्टाक 1.01 मि० टन (अंतिम) था। यह वर्ष 1994-95 के दौरान बेचे गए कुल कोयले का 4.21% था ।